आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 27.05.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- केंद्र सरकार ने घुसपैठ और अन्य कारणों से जनसंख्या आंकड़ों में परिवर्तन का अध्ययन करने के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा में लोहियाहेड हेलीपैड पर जनता और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।
- वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा – राज्य सरकार वनाग्नि की रोकथाम के लिए नई रणनीतियों पर लगातार काम कर रही है।
- देहरादून जिले के दिव्यांगजनों, बुजुर्गों, बेसहारा महिलाओं और बच्चों के लिए निःशुल्क इलेक्ट्रिक वाहन सेवा की शुरुआत की गई है।

उच्च स्तरीय समिति

केंद्र सरकार ने घुसपैठ और अन्य कारणों से होने वाले जनसांख्यिकी बदलाव की चुनौतियों से निपटने के लिए एक उच्च–स्तरीय समिति का गठन किया है। इस समिति की अध्यक्षता सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश, प्रकाश प्रभाकर नावलेकर करेंगे। जनगणना आयुक्त के साथ–साथ पूर्व आईएएस अधिकारी दुर्गा शंकर मिश्रा, पूर्व आईपीएस अधिकारी बालाजी श्रीवास्तव और अर्थशास्त्री डॉ. शमिका रवि को इस समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव इस समिति में सदस्य सचिव के रूप में काम करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्ष 15 अगस्त को लाल किले से जनसांख्यिकीय परिवर्तन पर उच्च स्तरीय समिति के गठन की घोषणा की थी। एक रिपोर्ट–

मुख्यमंत्री/निर्दे”ा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज ऊधमसिंह नगर जिले के खटीमा में लोहियाहेड हेलीपैड पर जनता औरजनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर जनसमस्याएं सुनीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा जन समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए जनता की समस्याओं का शीघ्रता से समाधान किया जाए। मुख्यमंत्री ने किसानों को खाद उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

मेधावी छात्र सम्मान

ऊधमसिंह नगर जिले के नगर निगम रुद्रपुर के महापौर विकास शर्मा और नगर आयुक्त शिप्रा जोशी ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया। इस दौरान छात्र– छात्राओं से हुए संवाद में उनके भविष्य, शहर की व्यवस्थाओं और शिक्षा से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। विद्यार्थियों ने भी खुलकर अपने सुझाव रखे। इस अवसर पर महापौर ने आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्रों को निगम की तरफ से छात्रवृत्ति देने और शैक्षिक भ्रमण पर भेजने की बात भी कही।

वहीं, छात्रा कशिश सिंह ने नगर निगम की इस पहल की सराहना की।

वनाग्नि और सहभागिता

वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा है कि राज्य सरकार वनाग्नि रोकने के लिए नई रणनीतियों पर लगातार काम कर रही है। इसके तहत नियमित कार्यबल बढ़ाने के साथ ही व्यापक स्तर पर जन–जागरूकता अभियान चलाए गए हैं। देहरादून में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि पृथ्वी के लगातार बढ़ते तापमान, लंबे समय तक सूखा, अनियमित मानसून, अल नीनो समेत अन्य कारणों से प्रदेश में वनाग्नि की घटनाओं में इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि टिहरी, चमोली, पौड़ी, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ जिलों में आग की घटनाएं अधिक देखने को मिली हैं। वन मंत्री ने कहा कि वनाग्नि नियंत्रण के लिए विभाग द्वारा विभिन्न संस्थाओं और स्थानीय लोगों के सहयोग से जन जागरूकता अभियान, प्रचार–प्रसार और नवाचारों के माध्यम से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

समाज कल्याण विभाग

देहरादून जिला प्रशासन और समाज कल्याण विभाग की संयुक्त पहल के तहत जिले के दिव्यांगजनों, बुजुर्गों, बेसहारा महिलाओं और बच्चों के लिए निःशुल्क इलेक्ट्रिक वाहन सेवा की शुरुआत की गई है। इसका लाभ समाज कल्याण विभाग में पेंशन और अस्पताल में इलाज करवाने के लिये बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को मिल रहा है। जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने बताया कि देहरादून एकमात्र ऐसा जिला है, जहां निःशुल्क ई–वाहन व्यवस्था शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि उम्रदराज लोगों और दिव्यांगजनों को अक्सर इलाज, फिजियोथेरेपी और पेंशन–प्रमाण पत्र से जुड़े कागजी कामों के लिए समाज कल्याण विभाग और अन्य अस्पतालों के चक्कर काटने से दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इसको ध्यान में रखते हुए समाज कल्याण विभाग को चालक सहित इलेक्ट्रिक वाहन उपलब्ध कराया गया है।

टीएचडीसी स्वच्छता

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने राष्ट्रव्यापी स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक अभियान चलाया है। इस अभियान में निगम के सभी कार्यालयों, परियोजना स्थलों और इकाइयों में स्वच्छता और सतत विकास से जुड़ी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में कॉर्पोरेट कार्यालय ऋषिकेश में कार्यपालक निदेशक नीरज वर्मा ने कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। वहीं ऋषिकेश के जानकी सेतु और त्रिवेणी घाट सहित कई सार्वजनिक स्थलों पर नुक्कड़ नाटक आयोजित कर स्वच्छ भारत, हरित भारत–स्वस्थ भारत का संदेश दिया गया। अभियान के तहत टिहरी, झांसी, खुर्जा और अरुणाचल प्रदेश समेत विभिन्न परियोजना स्थलों पर स्वच्छता अभियान, चित्रकला और निबंध प्रतियोगिताएं, जागरूकता रैलियां, कार्यशालाएं और हस्ताक्षर अभियान आयोजित किए गए। छात्राओं, महिलाओं और स्थानीय लोगों को स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक सिपन कुमार गर्ग ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा अभियान 31 मई तक चलाएगा। अभियान का उद्देश्य स्वच्छता, पर्यावरण जागरूकता और जनभागीदारी को बढ़ावा देना है।